दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
वर्ष:- 05
अंक:- 47
मुरादाबाद
07 June 2025
(Saturday)
पृष्ठ:- 08
मूल्य:- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## एफिल टावर नहीं, अब चिनाब ब्रिज नया पर्यटन स्थल, आतंकियों को कड़ा संदेश भी दियां



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज को राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने इसे भारत की एकता, इच्छाशक्ति और इंजीनियरिंग का अद्भुत प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि 46,000 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट जम्मू-कश्मीर में विकास की नई रफ्तार लाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कटरा में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि आज का ये कार्यक्रम भारत की एकता और भारत की इच्छाशक्ति का विराट उत्सव है। माता वैष्णो देवी के आशीर्वाद से आज वादी-ए-कश्मीर, भारत के रेल नेटवर्क से जुड़ गई है।उधमपुर-श्रीनगर-बारामुल्ला रेल लाइन परियोजनाएं, ये सिर्फ नाम नहीं हैं, ये जम्मू कश्मीर के नए सामर्थ्य की पहचान हैं। भारत के नए सामर्थ्य का जयघोष है। थोड़ी देर पहले मुझे चिनाब ब्रिज और अंजी ब्रिज का लोकार्पण करने का अवसर मिला है। आज ही दो नई वंदे भारत ट्रेनें जम्मू कश्मीर को मिली है। जम्मू में नए मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास हुआ है। 46,000 करोड़ रुपये की ये परियोजनाएं जम्मू और कश्मीर के विकास को नई गति देंगे। ये हमारी सरकार का सौभाग्य है कि इस प्रोजेक्ट ने हमारे कार्यकाल में गति पकड़ी और हमने इसे पूरा करके दिखाया। रास्ते में आने जाने की मुश्किलें, मौसम की परेशानी, लगातार पहाड़ों से गिरते पत्थर... ये प्रोजेक्ट पूरा करना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन हमारी सरकार ने चुनौती को ही चुनौती देने का रास्ता चुना है। चिनाब ब्रिज, दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे आर्च ब्रिज है। ये ब्रिज, एफिल टावर से भी उंचा है। अब लोग चिनाब ब्रिज के जरिए कश्मीर देखने तो जाएंगे ही, साथ ही ये ब्रिज भी अपने आप में एक आकर्षक टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनेगा। एफिल टावर नहीं अब चिनाब ब्रिज बनेगा नया टूरिस्ट डेस्टिनेशन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज को राष्ट्र को समर्पित करते हुए कहा कि आज जम्मू-कश्मीर के लाखों लोगों का सपना साकार हुआ है। ये सिर्फ पुल नहीं, भारत के फौलादी इरादों और इंजीनियरिंग कौशल का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह भी एक हकीकत है कि जितने भी अच्छे काम हैं, वे मेरे लिए ही बचे रहते हैं। यह हमारी सरकार का सौभाग्य है कि इस प्रोजेक्ट को हमने अपने कार्यकाल में रफ्तार दी और इसे पूरा कर दिखाया। बीच में कोविड का कालखंड और खराब मौसम जैसी चुनौतियां थीं, फिर भी हमारी सरकार ने चुनौती को चुनौती देने का रास्ता चुना। उन्होंने कहा कि आज जम्मू-कश्मीर में कई ऑल वेदर इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स बन रहे हैं, जो इस संकल्प की मिसाल हैं। पीएम मोदी ने बताया कि कुछ समय पहले सोनमार्ग टनल शुरू हुई और आज उन्होंने खुद चिनाब ब्रिज और अंजी ब्रिज से होकर यात्रा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन पुलों पर चलते हुए मैंने भारत के इंजीनियरों, श्रमिकों के साहस और संकल्प को नमन किया है। चिनाब ब्रिज दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे आर्च ब्रिज है। लोग फ्रांस के पेरिस में एफिल टावर देखने जाते हैं, लेकिन अब यह ब्रिज एफिल टावर से भी ऊंचा है। यह सिर्फ एक रेलवे पुल नहीं, बल्कि कश्मीर का नया टूरिस्ट डेस्टिनेशन भी बनेगा। लोग यहां सेल्फी पॉइंट पर जाकर इंजीनियरिंग के इस अद्भुत नमूने को निहारेंगे। प्रधानमंत्री ने इसे भारत के विकास, संकल्प और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर की नई पहचान बताते हुए कहा कि यह पुल आने वाले वर्षों में टूरिज्म, कनेक्टिविटी और राष्ट्रीय एकता का मजबूत आधार बनेगा। जम्मू-कश्मीर, मां भारती का मुकुट पीएम मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर, मां भारती का मुकुट है। ये मुकुट एक से बढ़कर एक खूबसूरत रत्नों से जड़ा हुआ है। ये अलगअलग रत्न, जम्मू कश्मीर का सामर्थ्य हैं। यहां की पुरातन संस्कृति, यहां के संस्कार, यहां की आध्यात्मिक चेतना, प्राकृति का सौंदर्य, यहां की जड़ी बूटियों का संसार, फलों और फूलों का विस्तार, यहां के युवाओं का कौशल... मुकुट मणि की तरह चमकता है। अब जब रेल कनेक्टिविटी जुड़ गई है, तो यह प्रतिभा देश-दुनिया में अपना स्थान बनाएगी। रेल प्रोजेक्ट के फायदे गिनाते हुए उन्होंने कहा कि चाहे चिनाब ब्रिज हो या अंजी ब्रिज, ये जम्मू और कश्मीर दोनों क्षेत्रों की समृद्धि का जरिया बनेंगे। टूरिज्म बढ़ेगा ही, साथ में अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों को भी लाभ मिलेगा। अब कश्मीर के उत्पाद कम लागत में देश के बड़े बाजारों तक पहुंच पाएंगे, समय पर पहुंच पाएंगे। उन्होंने बताया कि जम्मू-कश्मीर की रेल कनेक्टिविटी से व्यापारियों और उद्योगों को नए अवसर मिलेंगे। अब यहां के लोगों के लिए देश के दूसरे हिस्सों में आना-जाना भी आसान हो जाएगा। यह नया युग है, जहां विकास की सीटी हर गांव, हर घाटी में गूंजेगी। हर थाली में भरपेट अनाज पीएम मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना से हर थाली में भरपेट अनाज सुनिश्चित हुआ है। जनधन योजना से पहली बार 50 करोड़ से ज्यादा गरीबों के लिए बैंक की दरवाजा खुला है। सौभाग्य योजना से अंधेरे में जी रहे 2.5 करोड़ परिवारों में बिजली की रोशनी पहुंची है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत बने 12 करोड़ शौचालयों में खुले में शौच की मजबूरी से मुक्ति दिलाई है। पीएम सम्मान निधि से 10 करोड़ किसानों को सीधे आर्थिक सहायता मिली है। जम्मू-कश्मीर शिक्षा, स्वास्थ्य और संस्कृति के क्षेत्र में बना रहा है नया कीर्तिमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उन्हें बार-बार जम्मू-कश्मीर आने और यहां के लोगों के सामर्थ्य को देखने का अवसर मिला है। मैंने यहां की ऊर्जा, उम्मीदें और मेहनत को नजदीक से महसूस किया है। यही वजह है कि मैं पूरे समर्पण भाव के साथ जम्मू-कश्मीर के विकास में जुटा हूं। पीएम मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत की शिक्षा और संस्कृति का गौरव रहा है और आज यह ज्ञान की भूमि के रूप में फिर उभर रहा है। जम्मू और श्रीनगर में सेंट्रल यूनिवर्सिटी हैं, नीट, आईआईएम जैसे देश के श्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थान यहां हैं। आने वाले वर्षों में जम्मू-कश्मीर भारत के नॉलेज हब की भूमिका निभाएगा। स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ी छलांग पीएम ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में जम्मू-कश्मीर में दो स्टेट लेवल के कैंसर संस्थान बने हैं और पांच साल में सात नए मेडिकल कॉलेज शुरू किए गए हैं। एमबीबीएस की सीटें 500 से बढ़कर 1300 हो गई हैं, जो क्षेत्र के युवाओं के लिए बड़ी सौगात है। उन्होंने कहा कि अब रियासी जिले को भी नया मेडिकल कॉलेज मिलने जा रहा है। इससे न सिर्फ इलाज की सुविधाएं बढ़ेंगी, बल्कि रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। वैष्णो देवी मेडिकल कॉलेज-भारत की सांस्कृतिक शक्ति का उदाहरण प्रधानमंत्री मोदी ने विशेष रूप से श्री माता वैष्णो देवी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एक्सीलेंस का उल्लेख करते हुए कहा कि यह संस्थान केवल एक अस्पताल नहीं, बल्कि दान-पुण्य और श्रद्धा की हमारी संस्कृति का प्रतीक है। इस मेडिकल कॉलेज की स्थापना में जो राशि लगी है, वह देश के कोने-कोने से माता के भक्तों द्वारा दान में दी गई है।उन्होंने बताया कि अस्पताल की क्षमता 300 बेड से बढ़ाकर अब 500 बेड की जा रही है। कटरा आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को इसका बड़ा लाभ मिलेगा। पहलगाम हमले में जान गंवाने वाले आदिल का भी जिक्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर में लगातार रोजगार के नए अवसरों का सृजन कर रही है, जिसमें पर्यटन (टूरिज्म) एक अहम जरिया बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि टूरिज्म से रोजगार मिलता है और यह लोगों को जोड़ता है, लेकिन दुर्भाग्यवश भारत का पड़ोसी देश न सिर्फ मानवता का विरोधी है, बल्कि टूरिज्म और गरीब की रोटी तक का दुश्मन है। पीएम मोदी ने कहा कि पहलगाम जैसे क्षेत्रों में बीते पांच वर्षों में रिकॉर्ड संख्या में पर्यटक पहुंचे, जिससे गरीबों के घरों का चूल्हा जला। लेकिन पाकिस्तान की ओर से इसे भी निशाना बनाया गया। उन्होंने आतंकवादियों की साजिशों को उजागर करते हुए बताया कि घोड़े चलाने वालों, गाइड्स और मेहनतकश युवाओं तक को आतंक की भेंट चढ़ाने की कोशिश हुई। गंवाने वाले आदिल का भी जिक्र किया। कहा कि वह मेहनत-मजदूरी करके घर चलाता था और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकियों का शिकार बन गया। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोग अब आतंकवाद को करारा जवाब दे रहे हैं और यह प्रदेश अब आतंक को नहीं, विकास को स्वीकार कर रहा है।कहा कि बीते दशकों में जम्मू-कश्मीर के लोगों ने मान लिया था कि हालात कभी नहीं बदलेंगे, लेकिन आज वही लोग उम्मीद, भरोसे और नए सपनों के साथ खड़े हैं। आतंक और अलगाव की राजनीति को पीछे छोड़कर जम्मू-कश्मीर आगे बढ़ने का संकल्प ले चुका है

## संक्षिप्त समाचार

### राम मंदिर में अब तक लग चुका 50 करोड़ का 45 किलो सोना, शेषावतार मंदिर के शिखर पर मढ़ना बाकी

राम मंदिर के निर्माण में अब तक 50 करोड़ का 45 किलो सोना लग चुका है। अभी शेषावतार मंदिर के शिखर पर मढ़ना बाकी है। जहां रामलला विराजमान हैं, उसमें सभी दरवाजों में स्वर्ण का प्रयोग किया गया है।यूपी के अयोध्या स्थित राम मंदिर में राजा राम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद राम मंदिर भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि राम मंदिर में कुल 45 किलो सोने का इस्तेमाल किया गया है। इसकी शुद्धता शत प्रतिशत है। इसका मूल्य टैक्स को छोड़कर लगभग 50 करोड़ रुपये है। सोने को मढ़ने का काम अभी शेषावतार मंदिर के शिखर पर बाकी है। उसका काम चल रहा है। मंदिर के भूतल, जहां रामलला विराजमान हैं, उसमें सभी दरवाजों में स्वर्ण का प्रयोग किया गया है। सिंहासन में भी सोने का काम किया गया है। बाकी सभी मंदिरों को स्वर्ण मंडित करने का काम पूरा हो चुका है। राम मंदिर का निर्माण पूरा, पत्थर का अब कोई काम शेष नहीं

नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि राम मंदिर का निर्माण पूरा हो चुका है। यहां पत्थर का अब कोई काम शेष नहीं है। राम मंदिर परिसर में कुछ ऐसे काम हैं, जो दिसंबर 2025 तक पूरे हो जाएंगे। इस निर्माण में संग्रहालय सभागार और गेस्ट हाउस शामिल है। इसका निर्माण अभी चल रहा है। राम मंदिर का निर्माण किसी मनुष्य ने नहीं किया, दैवीय शक्ति का हाथ उन्होंने आगे बताया कि राम मंदिर का निर्माण भगवान राम की कृपा से ही हुआ है।

## अब्बास अंसारी की सदस्यता जाने पर अखिलेश यादव बोले- सिर्फ समाजवादियों की ही सदस्यता रद्द की जा रही है



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अब्बास अंसारी की विधानसभा सदस्यता रद्द होने पर कहा कि ऐसा लगता है कि जाति और धर्म देखकर फैसले दिए जा रहे हैं। हमारे खिलाफ तो सरकार में बैठे लोग न जाने क्या-क्या बोलते रहते हैं। उनकी सदस्यता तो कभी भी रद्द नहीं होती है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव नेअब्बास अंसारी की सदस्यता रद्द होने को लेकर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने जानबूझकर उनकी सदस्यता रद्द की है। सरकार में बैठे लोग हमारे खिलाफ न जाने क्या-क्या बोलते रहते हैं। उनकी सदस्यता तो नहीं जाती है। सिर्फ समाजवादियों नेताओं की ही सदस्यता रद्द की जा रही है।अखिलेश यादव ने कहा कि ऐसा लगता है कि जाति के आधार पर फैसले हो रहे हैं। कुछ जजों को इसीलिए नियुक्त किया जा रहा है। अखिलेश यादव शुक्रवार को लखनऊ में सपा मुख्यालय में मीडिया को संबोधित कर रहे थे।बता दें कि हेट स्पीच केस में सजा के एलान के बाद यूपी के मऊ से सुभासपा विधायक अब्बास अंसारी की विधायकी खत्म हो गई है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने उनकी सीट को रिक्त घोषित कर दिया है। इसके लिए रविवार को छुट्टी के दिन सचिवालय खोला गया था। चुनाव आयोग को इसकी सूचना भेज दी गई थी। अब इस विधानसभा सीट के उपचुनाव पर सबकी नजर है।अखिलेश यादव ने कहा कि हम पंचायत चुनाव के लिए तैयार हैं।

इन चुनाव में और 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग इन चुनाव में जीत के लिए गड़बड़ी कर सकते हैं। ऐसे में इन लोगों पर नजर रखने की जरूरत है।

## अजित पवार बोले- पुणे में भी रद्द होंगे अनावश्यक हथियार लाइसेंस, बीड सरपंच हत्याकांड के बाद फैसला



पुणे में भी अनावश्यक हथियार लाइसेंस रद्द किए जाएंगे। इससे पहले सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के बाद बीड में लाइसेंस रद्द किए गए थे। इस बारे में उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हथियार लाइसेंस रद्द करने के संबंध में आदेश दे दिए गए हैं। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने शुक्रवार को बताया कि पुणे जिले में भी अनावश्यक हथियार लाइसेंस रद्द किए जाएंगे। इससे पहले बीड जिले में अनावश्यक हथियार लाइसेंस रद्द किए गए थे। यह फैसला बीड सरपंच हत्याकांड के बाद लिया गया। इससे पहले, बीड में सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के बाद पुलिस ने सभी हथियार लाइसेंस की जांच करने के लिए एक अभियान शुरू किया था, ताकि यह पता चल सके कि वास्तव में किसे हथियार की जरूरत है और किसे नहीं। इस जांच के बाद प्रशासन ने कुछ लाइसेंस रद्द कर दिए थे। बीड की तर्ज पर लाइसेंस रद्दीकरण के दिए आदेश उपमुख्यमंत्री पवार पुणे और बीड दोनों जिलों के संरक्षक मंत्री हैं। उन्होंने पुणे में संवाददाताओं से कहा कि बीड प्रशासन ने जिले में कुछ लाइसेंस रद्द किए हैं। उन्होंने कहा कि बीड की तर्ज पर पुणे में भी अनावश्यक हथियार लाइसेंस रद्द किए जाएंगे। इसके लिए आदेश दिए गए हैं। वैष्णवी आत्महत्या मामले के बाद पुणे में चर्चा में आया मुद्दा- पुणे में यह मुद्दा तब चर्चा में आया, जब पता चला कि वैष्णवी हगावने की आत्महत्या मामले से जुड़े कुछ लोगों को भी हथियारों के लाइसेंस दिए गए थे। 26 वर्षीय वैष्णवी ने 16 मई को पुणे में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी। उसके परिवार ने आरोप लगाया था कि उसके ससुराल वालों ने दहेज के लिए उसे प्रताड़ित किया। उसके ससुर राजेंद्र हगावने को बाद में सत्तारूढ़ राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से निकाल दिया गया था। राज-उद्धव ठाकरे को अपनी पार्टियों से संबंधित निर्णय लेने का अधिकार- अजित महाराष्ट्र नवनिर्वाण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे के बीच संभावित गठबंधन के बारे में पूछे जाने पर पवार ने कहा कि राज और उद्धव अपनी-अपनी पार्टियों के प्रमुख हैं।

पार्टियों से संबंधित कोई भी निर्णय लेना उनका अधिकार है। इस बारे में आपको और मुझे सोचने का क्या फायदा है? राजनीतिक रूप से अलग-थलग पड़े ठाकरे भाईयों ने हाल ही में अपनी टिप्पणियों से मनसे-सेना (यूबीटी) गठबंधन की संभावना को हवा दे दी है।

संपादकीय Editorial

## How much tourism is related to environment

If the issues of environmental balance are not taken care of amidst the progress of tourism in Himachal, then these footprints on the mountains will prove fatal in the end. An Atal tunnel, in the rush of progress, not only has the walls of the tunnel turned black, but the snow tents have also started melting. In such a situation, the feeling of tourism should be evaluated from the environmental point of view. The entry of five to ten thousand vehicles in a single day, not only the two ends of the Atal tunnel, but also the capacity of Lahaul-Spiti is diverted. In fact, we are losing the originality, capacity, geographical suitability and continuity of tourism in natural resources. If there are waterfalls somewhere, then the Jal Shakti Department sucks them to such an extent that tourists get the feeling of only a few drops. From the story of Bhagsunath waterfall of Dharamshala, lakhs of liters of water was sucked out by the nearby army cantonment, as a result a dried up waterfall is depriving tourists of the complete peace of nature. In this way, the depression of drying natural lakes can be understood. Renuka Lake, once the longest in Himachal, now promises nothing more than a seasonal pond. The woeful bad days of the lakes of Khajjiar and Dharamshala present the ugly face of our capabilities. The religiously important reservoirs of the Rewalsar lake are drying up, and the policies of the state are standing on the ladder of this sin. In such a situation, there should be a tourism development unit within the Jal Shakti Department, which not only fulfills the tourism needs of water, but also maintains the water that attracts tourists. While accepting the share of tourism in water resources, it is necessary to protect their capacity and their original format. Similarly, apart from the increasing presence of only residential inns or hotels in religious tourist places, efforts should be made to save the natural aura of these places. The temples of Himachal are located on high mountain ranges or on the banks of a river, so while preparing the budget, arrangements for environmental protection will also have to be ensured here. The code of conduct for tourism expansion should be added to the responsibility of the local bodies of the state. Every tourist place has a capacity, but its encroachment is throwing dust in the eyes. If environmental development projects are made in the tourism policy, then many artificial lakes, parks, herbal gardens and bird sanctuaries will come up. If we had attached new environmental development and tourism to the conditions of displacement, then by now lakes like Govind Sagar and Pong Dam would have delighted tourists in the vastness of nature. Actually, every aspect of Himachal and every department of the system will have to set goals to protect environmental peace in the nature of tourism. In this perspective, the increasing trend towards eco-tourism can make us complete. The state has selected 77 places in this context. Some guides and multipurpose workers have been trained to promote trekking, bird watching, camping, natural walk and adventure sports related to nature. Along with the messages of environmental conservation, carving of every moment of human sensitivity towards wild animals is going on near the state's largest zoo being built in Vankhandi. The specialty of tourism related to nature is also that culture is chanted in every branch of it. For example, the people of Lahaul-Spiti did not let the footprints of tourists spoil their cultural land. Even today, in the courtyard of tourism, the mountains and the smoke of the traditional stove coming out of the house touch together. In Lahaul-Spiti, since the eighties, mud houses are now developing the culture of 'mud house' tourism.

# Declaration of the future superpower, developed India is being built through economic growth

The country's coming close to becoming the world's fourth largest economy is not just an economic achievement, it is a strong step towards a bright future. This is the declaration of the future superpower. Today the world is looking at India as a center of stability, opportunity and innovation. Global analysts believe that India can become the third largest economy by leaving Germany behind by 2027. India is on the verge of becoming the fourth largest economy in the world. With an economy of 4.186 trillion dollars, India is going to set a new record by leaving behind a developed country like Japan. This achievement is not just a game of numbers, but it is a picture of the struggle, hard work and dreams of 140 crore Indians. A decade ago, India was struggling with many economic and political challenges, but today it has emerged as the economic superpower of the world. While many countries are grappling with uncertainty and apprehension on many fronts, India is setting new records under strong and stable leadership. Although this journey was not easy, India has achieved this position due to strong leadership, bold policies and public participation. Following the principle of 'Sabka Saath, Sabka Vikas, Sabka Vishwas', the Modi government connected even the weakest sections of the society to the mainstream of development. This model of economic development was not limited to only metros or rich sections. When Narendra Modi became the Prime Minister in 2014, India was the tenth largest economy in the world. An economy of about two trillion dollars (lakh crores) and many policy problems were hindering the country's progress. In the next ten years, India accelerated the pace of development through economic reforms and policy decisions one after the other. In 2019, India overtook Britain to reach the fifth position and now it is about to reach the fourth position by leaving Japan behind. Both the IMF and the World Bank have confirmed this. At the core of India's economic progress has been a strong foundation of reforms. GST transformed the country into a unified market, simplified the tax system and increased revenue. The Insolvency and Bankruptcy Code strengthened the banking sector and brought discipline to the credit system. Make in India revived manufacturing and restored investor confidence. India's ranking in Ease of Doing Business fell from 142 in 2014 to 63 in 2020. It improved the country's economic health and also changed the mindset of governance. PM Modi's Digital India campaign connected every corner of the country to the Internet and digital services. This not only made government services accessible, but also promoted digital payments, startups and technological innovation. Systems like UPI made digital payments so easy that by 2024, more than 14 billion transactions were taking place every month. Jan Dhan Yojana, Aadhaar and Direct Benefit Transfer connected crores of people to the financial system and also curbed corruption. Apart from this, the government took historic steps to strengthen the infrastructure. Under projects like Bharatmala, Sagarmala and Smart City Mission, unprecedented investment was made on roads, ports, airports and urban development. From 2014 to 2024, more than 80,000 km of national highways were constructed in India. Schemes like PM Awas Yojana, Swachh Bharat Mission and Har Ghar Jal transformed villages and cities. Along with this, domestic manufacturing of mobile, pharma, electronics, automobile and defense products got a tremendous boost through the production based incentive scheme. Amidst all this, India also strengthened its hold in global business. In the financial year 2023-24, India's total exports (including goods and services) reached a record level of $ 824.9 billion. This is the result of unprecedented growth in IT services, pharma, gems and jewellery, textiles and engineering products. While Indian IT companies made a mark all over the world, the cheap production of medicines made the country the 'pharmacy of the world'. Exports of agricultural products and global demand also grew steadily, enhancing India's global image as a reliable partner. More than 53.13 crore bank accounts were opened under the Jan Dhan Yojana till August 24, 2024. The Ujjwala Yojana provided free gas connections to more than 11 crore women. The Ayushman Yojana provided health insurance protection to more than 50 crore people. These schemes are proof that India's development is based on the values ??of empowerment and equality. The country's closeness to becoming the fourth largest economy in the world is not just an economic achievement, it is a strong step towards a bright future. It is the proclamation of a future superpower. Today the world is looking at India as a center of stability, opportunity and innovation. Global analysts believe that India can become the third largest economy by 2027, surpassing Germany. This journey is a victory of the collective aspirations of crores of citizens of India, be it the startups of Bengaluru, the weavers of Surat, the farmers of Punjab or the engineers of Hyderabad, every Indian is a partner in this success.

# Strange attitude of Congress, looking for strange excuses to target Prime Minister Modi

Congress leaders who have been in power for a long time should know very well that in a conference like G-7, it is the right of the host country to decide whom to invite. While chairing the G-20 conference, India had invited only a few selected countries including Mauritius, Egypt, Netherlands, Nigeria, Oman, Saudi Arabia, United Arab Emirates apart from the member countries of this group. Another example of how Congress is always on the lookout for an opportunity to target Prime Minister Modi and also looks for strange excuses for this is Rahul Gandhi's close aide and party general secretary Jairam Ramesh's statement that the Indian Prime Minister not getting an invitation to the G-7 summit to be held in Canada is a big diplomatic failure of the government. The G-7 summit includes the seven largest economies of the world, but other countries with emerging and strong economies are also invited to it. It is true that for a long time the Indian head of state has been invited to the G-7 summit, but this time Canada did not say anything about inviting India and now it is almost certain that it is not going to invite. But if anything else becomes clear from this apart from its animosity towards India, then it is that the new government there is also under the pressure and influence of Khalistan supporters in the same way as the previous government, which was openly anti-India. After the formation of the new government, there was a hope that it would move forward in the direction of improving relations with India, but perhaps it does not have such an intention. Whatever it may be, Canada will only harm itself by not inviting India to the G-7 summit. Today India is the fastest growing economy and is now on the verge of becoming the fourth largest economy. That is why small and big countries of the world are engaged in improving relations with India. More than a dozen countries have signed free trade agreements with India. Recently a similar agreement has been signed with Britain. Talks are going on with many countries including America on such agreements. The Congress leaders who have been in power for a long time should know very well that in a conference like G-7, it is the right of the host country to decide whom to invite. While chairing the G-20 conference, India had invited only a few selected countries including Mauritius, Egypt, Netherlands, Nigeria, Oman, United Arab Emirates apart from the member countries of this group. Apart from these, India has friendly relations with many other countries. Would the opposition leaders of those countries, which India did not invite, have accused their government like Jairam Ramesh that this is your big diplomatic failure? Rahul Gandhi and Jairam Ramesh are also blaming the Prime Minister for the strange change in the attitude of the US President. At least they should remember that during the Congress rule, there were such occasions when India's relations with America and Canada were at the bottom.The Indian National Congress has recently intensified its criticisms of Prime Minister Narendra Modi, raising questions about the party's approach and the veracity of its claims.“”1. Alleged Inaccuracies in Parliamentary Statements“”Congress MP Manickam Tagore wrote to Lok Sabha Speaker Om Birla, alleging that PM Modi and BJP MP Anurag Thakur made "factually incorrect, inaccurate, and misleading statements" in the House. Tagore contested Modi's claims regarding Congress's vote share and defense provisions, asserting that these assertions were misleading and lacked factual asis. “thedailyguardian.com“+5“timesofindia.indiatimes.com“+5“thehindu.com“+ “timesofindia.indiatimes.com“+1“thedailyguardian.com“+1““2 . Criticism of Modi's Absence at the G7 Summit““The Congress party criticized PM Modi's absence from the G7 Summit in Canada, labeling it a diplomatic failure. Opposition leaders argued that not attending such a high-profile international event reflected poorly on India's foreign policy and global standing. “economictimes.indiatimes.com““3. Concerns Over U.S. Visa Restrictions““In light of recent U.S. visa restrictions affecting Indian students, Congress expressed deep concern over the government's silence on the issue. The party urged the government to take a firm stand and engage diplomatically to safeguard the interests of Indian students abroad. “economictimes.indiatimes.com“+2“timesofindia.indiatimes.com“+2“timesofindia.indiatimes.com“+2““4. Allegations of External Influence on National Security Decisions““Congress leader Rahul Gandhi accused PM Modi of capitulating under pressure from U.S. President Donald Trump regarding the recent ceasefire agreement with Pakistan. Gandhi suggested that Modi halted military operations in obedience to American directives, raising concerns about national sovereignty and external influence on domestic strategic decisions. “timesofindia.indiatimes.com“+1“timesofindia.indiatimes.com“+1““Conclusion““While political parties often engage in criticism of each other's actions, the accuracy and intent behind such criticisms are crucial. The Congress party's recent actions, including challenging statements made in Parliament and questioning the government's foreign policy decisions, have sparked debates about the party's approach and the veracity of its claims. As political discourse continues, it is essential for all parties to base their criticisms on factual information and constructive dialogue to foster a healthy democratic environment.“Sourc

# यूपी पुलिस को मिले 34 नये डिप्टी एसपी, हुई पासिंग आउट परेड

## गौरव सर्वांग सर्वोत्तम, आकांक्षा गौतम इनडोर और गाजियाबाद अवनीश कुमार सिंह बने आउट डोर टापर

मुरादाबाद- पुलिस अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 34 नए डिप्टी एसपी को साइबर अपराध रोकने के एक्सपर्ट बनाया गया है। सभी 34 डिप्टी एसपी को शुक्रवार को पासिंग आउट परेड कराई गई। डा. भीमराव आंबेडकर पुलिस अकादमी शुक्रवार को 34 डिप्टी एसपी की पासिंग आउट परेड हुई। डीजी ट्रेनिंग दीक्षांत परेड की सलामी ली। एडीजी अकादमी राजीव संभरवाल ने बताया कि भर्ती परीक्षा 2023 में चयनित हुए 34 डीएसपी 12 माह 15 दिन का प्रशिक्षण पूरा कर लिए हैं। इसमें 9 महिला और 25 पुरुष अभ्यर्थी शामिल हैं। परीक्षा कराने के बाद नई दिल्ली निवासी गौरव उपाध्याय को सर्वांग सर्वोत्तम चुने गए हैं। जबकि महाराजगंज निवासी आकांक्षा गौतम इनडोर और गाजियाबाद अवनीश कुमार सिंह आउट डोर टापर बने हैं। एडीजी ने बताया कि प्रशिक्षण ले रहे सभी 34 डिप्टी एसपी को साइबर अपराध रोकने के लिए एक्सपर्ट किया गया है। इन्हें बताया गया है कि किस तरह साइबर अपराधी अपराध कर रहे हैं। इसके अलावा उन्हें कुंभ में भी ले गया। वहीं आगरा, मथुरा, झांसी, अयोध्या, बनारस में ले जाकर भीड़ कंट्रोल करने के गुण बताए गए हैं। इन्हें मध्यप्रदेश, बिहार और राजस्थान की सीमा पर ले जाकर वहां की पुलिस से कैसे समन्वय बनाकर काम करना यह भी सिखाया गया। सीआरपीएफ कैंप में भी ले जाया गया। शुक्रवार को सभी को परेड कराने के बाद उन्हे अपने-अपने जिलों के लिए रवाना कर दिया गया।






# मां-पिता के बिना मैं क्या करूंगी- छत से कूदने के आठ दिन बाद ट्रेन के आगे लेटी युवती, दोनों पैर कटे, हालत गंभीर

मुरादाबाद- मूंढापांडे क्षेत्र में माता-पिता की मौत से मानसिक रूप से परेशान युवती ने आत्महत्या का प्रयास किया। छत से कूदने के बाद वह ट्रेन के आगे लेट गई। इससे उसके दोनों पैर कट गए। इसके बाद उसकी हालत गंभीर है।

माता-पिता की मौत के बाद से मानसिक रूप से परेशान युवती ने छत से कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया। उसे चोट लगी, लेकिन जान बच गई। आठ दिन बाद बृहस्पतिवार सुबह युवती घर से निकल गई और गांव के पास ही मुरादाबाद-लखनऊ रेल लाइन पर ट्रेन के आगे लेट गई।इस बार भी युवती की जान बच गई, लेकिन उसके दोनों पैर कट गए। युवती को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया,

जहां से उसे मेरठ रेफर कर दिया गया। मूंढापांडे क्षेत्र के सैंजना निवासी सनी ने पुलिस को बताया कि उसके पिता लक्ष्मण और मां भूरी की मौत हो चुकी है।बड़ी बहन की शादी हो चुकी है। घर में सनी और उसकी बहन भारती (18) है। सनी ने बताया कि माता-पिता की मौत के बाद से बहन भारती मानसिक रूप से परेशान रहती है। उसका इलाज चल रहा है। वह बार-बार कहती है कि माता-पिता के बिना मैं क्या करूंगी। आठ दिन पहले वह घर की छत से कूद गई थी। उसे चोट आई थी।

बृहस्पतिवार सुबह छह बजे वह घर से निकल गई। उस वक्त भाई सो रहा था। घर से करीब एक किलोमीटर दूर वह मूंढापांडे के पास रेल ट्रैक पर पहुंच गई। इस दौरान मुरादाबाद की ओर से आ रही ट्रेन के आगे वह लेट गई, जिससे उसके दोनों पैर कट गए। सूचना पर पुलिस के साथ परिजन भी पहुंच गए। रामगंगा नदी में ऑटो चालक बहा, तलाश में जुटे गोताखोर सिविल लाइंस थानाक्षेत्र के मऊ मिलक रामगंगा नदी के घाट पर बृहस्पतिवार दोपहर पशुओं को नदी पार करा रहा ऑटो चालक जरीफ (55) बह गया। वहां मौजूद लोगों ने उसकी काफी तलाश की लेकिन सफलता नहीं मिल पाई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोर बुला लिए, देर रात तक जरीफ का पता नहीं चल पाया। शुक्रवार सुबह दोबारा टीम उसकी तलाश में जुटेगी। सिविल लाइंस थानाक्षेत्र के मऊ निवासी ऑटो चालक जरीफ (55) के परिवार में पत्नी मेहसर जहां, चार बेटे नसीम, नाजिम, वसीम, अमीन समेत 5 बहनें हैं।वसीम के अनुसार बृहस्पतिवार को पिता जरीफ ऑटो चलाने नहीं गए थे। जरीफ अपनी पत्नी से पशुओं को जंगल में ले जाने की बात कहकर निकल गए। साथ में गांव के गामा, मुनीम और मिलक गांव निवासी बृजपाल भी थे। वह पशुओं रामगंगा नदी पार करा रहे थे। इस दौरान गामा,मुनीर और बृजपाल के पशु पानी में आगे निकल गए जबकि जरीफ कुछ पीछे रह गए। इस दौरान जरीफ पानी में बह गए। ,गामा, मुनीम और बृजपाल ने उनकी तलाश शुरू कर दी लेकिन सफलता नहीं मिल पाई। गामा ने परिजनों को फोन पर सूचना दी। इसके बाद परिजन मौके पर पहुंच गए। सीओ सिविल लाइंस कुलदीप गुप्ता ने बताया कि गोताखोरों की टीम ने तलाश की लेकिन सफलता नहीं मिल पाई है। शुक्रवार सुबह दोबारा जरीफ की तलाश की जा जाएगी।

# मुरादाबाद में बकरीद पर 11 सेक्टरों में बांटा शहर, ड्रोन से होगी निगरानी, वाहनों के लिए सात तक रूट डायवर्जन

मुरादाबाद- बकरीद के मद्देनजर मुरादाबाद शहर को 11 सेक्टरों में बांटा गया है। साथ ही सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। हर सेक्टर में मजिस्ट्रेट, सीओ और पुलिस टीमें तैनात की गई हैं। ईदगाह में 7-30 बजे नमाज अदा की जाएगी। बकरीद को लेकर शहर को 11 सेक्टर में बांटा गया है। सेक्टर में सीओ और मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस टीमों को तैनात किया गया है। बकरीद की नमाज के दौरान ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। ईदगाह में शनिवार सुबह 7-30 बकरीद की नमाज होगी। इस दौरान ईदगाह की ओर आने वाले सभी रास्तों पर यातायात बंद रहेगा।केवल पैदल जाने वालों को ही अनुमति मिलेगी। सात जून को शहर में रूट डायवर्जन भी रहेगा। शनिवार दोपहर 12 बजे तक शहर में वाहनों की नो एंट्री रहेगी। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि शहर को 11 सेक्टर में बांटा गया है। हर सेक्टर में मजिस्ट्रेट, सीओ और इंस्पेक्टर रहेंगे। शहर में सुरक्षा के लिहाज से नौ डीएसपी, 15 इंस्पेक्टर, 80 दरोगा और 400 से अधिक पुलिसकर्मी ड्यूटी के लिए लगाए गए हैं। 30 ऊंची बिल्डिंग में रूफटॉप ड्यूटी, चार वॉच टावर, 100 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। ईदगाह क्षेत्र की ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाएगी। इसके अलावा शहर में 17 बैरियर लगाए गए हैं और यहां बॉडीवार्न कैमरे से लैस पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। पीएसी की एक कंपनी भी तैनात की गई है। एसपी सिटी ने लोगों से शांतिपूर्वक त्योहार मनाने की अपील की। कहा कि कोई भी व्यक्ति नई परंपरा डालने का प्रयास न करे।



आधे घंटे में उठेगा ओज चारों जोन में टीमें गठित बकरीद के त्योहार को लेकर नगर निगम ने अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। बृहस्पतिवार को नगर आयुक्त ने निगम के अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देशित किया कि बकरीद के दिन पानी की निर्बाध आपूर्ति की जाए और हर तीस मिनट पर ओज उठाने की व्यवस्था की जाए। सभी चार जोनों में आठ क्यूआरटी (क्विक रिस्पांस टीम) का भी गठन किया गया। नगर आयुक्त ने निगम के आलाधिकारियों को भी जिम्मेदारी सौंपी है कि वह मोबाइल वाहन लेकर मॉनीटरिंग करेंगे। सभी जोन में नोडल अधिकारियों की भी नियुक्ति कर दी गई है। नगर आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सड़कों की सफाई, यातायात व्यवस्था, जल छिड़काव, फॉगिंग, चूना का छिड़काव आदि के कार्य गठित टीमें समय से करेंगी। इसके अलावा पेयजल के लिए पर्याप्त टैंकर की भी व्यवस्था की जाएगी। बकरीद पर अमन की अपील नेशनल सोशल ऑर्गनाइज़ेशन के अध्यक्ष मिर्जा अरशद बेग ने बकरीद पर मुस्लिम समाज से अमन व साफ-सफाई बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि कुर्बानी के दौरान कानून का पालन करें, प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी से बचें और मलबा गलियों में न फेंकें। नारेबाजी और प्रदर्शन से बचें, गरीबों तक गोश्त पहुंचाएं और प्रशासन से समन्वय बनाकर चलें। ,बकरीद कल, बकरा मंडियों में देर शाम तक रही भीड़ ,बकरीद को लेकर बृहस्पतिवार को बकरा मंडियों में काफी भीड़ रही। वहीं ईदगाह में नमाज की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। शुक्रवार सुबह ईदगाह मैदान में सफें बनाने का काम शुरू किया जाएगा। उलमा ने भी कुर्बानी के इस त्योहार को मिलजुल कर मनाने के साथ बकरा खरीदने, कुर्बानी कराने और कुर्बानी के बाद खास एहतियात बरतने की अपील की।हजरत इब्राहीम की अल्लाह के प्रति वफादारी और कुर्बानी की भावना की याद में बकरीद (ईद-उल-अजहा) का त्योहार सात जून को मनाया जाएगा। वार्ड-46 के पार्षद राशिद हसन की अगुवाई में ईदगाह कमेटी की ओर से ईदगाह मैदान में विभिन्न स्थानों पर हुए गड्ढों को पाटने और ईदगाह मैदान में उगी झाड़ियों को काटने का काम किया गया। वहीं नगर निगम के सफाईकर्मियों ने ईदगाह मैदान पहुंच कर वहां साफ-सफाई की व्यवस्था की। पार्षद ने बताया कि शुक्रवार सुबह ईदगाह मैदान में चूने की लाइन से सफें बनाने का काम ईदगाह कमेटी द्वारा किया जाएगा। ईदगाह चौराहा के निकट और रामपुर दोराहा पर बकरीद के मौके पर लगी बकरों की अस्थायी मंडी में भी विभिन्न स्थानों से बकरा बेचने आए लोगों की खासी भीड़ रही। सुबह से लेकर देर शाम तक कुर्बानी के लिए लोग बकरा खरीदते देखे गए। तीन हिस्सों में बांटा जाता है कुर्बानी का मांस बकरीद के मौके पर जानवर की कुर्बानी के बाद उसका मांस जरूरतमंदों, रिश्तेदारों व अपने लिए तीन हिस्सों में बांटा जाता है। उलमा के मुताबिक कुर्बानी के लिए खरीदा जाने वाला बकरा सेहतमंद, बिना किसी बीमारी और शारीरिक कमी (लंगड़ापन, अंधापन आदि) का होना चाहिए। जानवर की तंदुरुस्ती और शरई शर्तें पूरी करना बहुत जरूरी है, ताकि कुर्बानी कुबूल हो। द्वकुर्बानी हजरत इब्राहीम और उनके बेटे हजरत इस्माइल की यादगार है। बकरीद का दिन हमें अल्लाह की राह में त्याग और समर्पण का पैगाम देता है। कुर्बानी के जरिये हमें जरूरतमंदों की मदद और समाज में समानता का संदेश देना चाहिए। - मुफ्ती सैयद फहद अली, नायब शहर इमाम बकरीद, अल्लाह के हुक्म पर जान देने की इब्राहीमी भावना का प्रतीक है। यह कुर्बानी केवल जानवर की नहीं, बल्कि नफ्स, लालच और अहंकार की भी होनी चाहिए। - मुफ्ती दानिश कादरी, नायब सदर मरकजी जमीअत अहले सुन्नत, मुरादाबाद

## संक्षिप्त समाचार

# दस और फाइनेंसरों के नाम आए सामने, गिरोह में इन लोगों को भी लगा था पैसा.. पुलिस को ऐसे चला पता

मुरादाबाद- सोना तस्करी गिरोह में 10 से ज्यादा नए तस्करों और फाइनेंसरों के नाम पुलिस को मिले हैं। कॉल डिटेल की जांच में यह जानकारी सामने आई है। 23 मई को हाईवे पर दुबई से लौटे चार तस्करों को बदमाशों ने अगवा कर लिया था, जिन्हें पुलिस ने छुड़ाकर अस्पताल में भर्ती कराया था। अब तक चार तस्करों, एक फाइनेंसर और दो बदमाशों को गिरफ्तार किया जा चुका है।




अंतरराष्ट्रीय सोना तस्कर गिरोह में दस से ज्यादा फाइनेंसर और तस्करों के नाम पुलिस को मिल चुके हैं। नामजद आरोपियों की मोबाइल कॉल डिटेल से पुलिस को यह अहम सुराग हाथ लगे हैं। जल्द ही पुलिस इनके नाम भी केस में शामिल करेगी। इसके अलावा पुलिस की चार टीमें तस्करों को अगवा करने वाले बदमाशों की तलाश में जुटी हैं।23 मई की दोपहर करीब दो बजे दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर पुराने टोल टैक्स के पास दुबई से पेट में सोना छिपाकर ला रहे तस्करों को बदमाशों ने अगवा कर लिया था। इनके साथ बदमाशों ने सऊदी अरब से लौट रहे नावेद और जाहिद को अगवा कर लिया था। जिन्हें सोना तस्करी की कोई जानकारी नहीं थी।सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर सभी को छुड़ा लिया था। सभी चारों तस्करों को अस्पताल में भर्ती कराकर उनके पास से सोने के 29 कैप्सूल निकलवाए थे। इनसे पूछताछ में पता चला कि इनके गिरोह में फाइनेंसर, डॉक्टर, सराफ और ट्रेवल एजेंट भी शामिल हैं। पुलिस ने चारों तस्कर शाने आलम, जुल्फेकार, मुत्तलीब और अजहरुद्दीन के अलावा रामपुर के टांडा थाना क्षेत्र के हाजीपुरा निवासी फाइनेंसर जाहिद मेंबर, टांडा के मोहल्ला पड़ाव निवासी मो. रिजवान, टांडा के आजाद नगर निवासी मो. हारुन, हाजीपुरा निवासी हाजी शरीफ, टांडा के मोहल्ला हाजीपुरा निवासी हाजी अनीस, हाजीपुरा निवासी जुनैद, मोहल्ला रांद निवासी वसीम, नज्जीपुरा निवासी गुड्डू, टांडा निवासी पप्पू को नामजद किया। इस मामले में अब तक पुलिस चारों तस्कर, फाइनेंसर जाहिद मेंबर और अगवा करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इस मामले में पुलिस ने सभी आरोपियों की मोबाइल की कॉल डिटेल निकलवाई। जिससे पुलिस को दस ऐसे और नाम मिल गए हैं। जिनका सोना तस्करी गैंग से संबंध हैं। ,इनमें कुछ फाइनेंसर तो बाकी तस्कर हैं। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि इस मामले में गहनता से जांच चल रही है। आरोपियों के खिलाफ मजबूत साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। उधर पुलिस की चार टीमें तस्करों को अगवा करने वालों की तलाश में जुटी हैं।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# वॉशरूम में फोन चलाने की आदत बढ़ा रही पाइल्स की बीमारी

## देर तक शौचालय में बैठने से दिक्कतों से जूझने वालों में किशोर और युवाओं की संख्या अधिक

मुरादाबाद- वॉशरूम में अगर आपको भी फोन चलाने की आदत है तो यह खबर आपके लिए है। समय रहते इस लत को छोड़ने की जरूरत है। यह आदत आपको कब्ज के साथ पाइल्स जैसी बीमारी भी दे सकती है। चिकित्सकों के अनुसार अस्पताल में और युवाओं की है। यही नहीं मानसिक रूप से भी अधिक लोग पहुंच रहे हैं। जिला अस्पताल के रखने से वॉशरूम में जरूरत से अधिक समय लगता है। की शिकायत आ रही है। लंबे समय से तकलीफ होने लिए आंत, मांसपेशी संग दिमाग का आपसी सहयोग दिमाग से संकेत मिलने के बाद आंत और मांसपेशियां संकेत पाने का इंतजार करती हैं। ऐसे में वॉशरूम में समस्या शुरू हो जाती है। बताया कि सबसे पहले पेट और गैस के अलावा खाना न पचने की दिक्कत भी बढ़ी बैक्टीरिया फैलने का खतरा बहुत ज्यादा रहता है।



पेट संबंधी दिक्कत लेकर आने वाले मरीजों में सबसे ज्यादा संख्या किशोर परेशानियां आ रही हैं। अस्पताल में प्रतिदिन ऐसी समस्या लेकर 20 से फिजिशियन डॉ. आशीष सिंह ने बताया कि दिमाग को मोबाइल पर व्यस्त यही कारण है कि 90 फीसदी युवाओं में कब्ज व पाचन तंत्र की गड़बड़ी के चलते पाइल्स की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने बताया कि मोशन के जरूरी है। वॉशरूम में मोबाइल ले जाने से दिमाग उस पर व्यस्त रहता है। मोशन का रास्ता तैयार करती हैं। आंत और मांसपेशियां मोशन का दिमाग से ज्यादा समय लगता है। इससे नसों में खून जमा हो जाता है और पाइल्स की का साफ नहीं होना इसका मुख्य लक्षण है। कब्ज, मरोड, पेट में भारीपन हैं। बैक्टीरिया फैलने का खतरा ज्यादा टॉयलेट से मोबाइल फोन पर इससे फूड पॉइजनिंग और वायरल इन्फेक्शन समेत कई गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। टर्किश जर्नल ऑफ कोलोरेक्टल डिजीज में पब्लिश एक स्टडी के मुताबिक, वॉशरूम में स्मार्टफोन इस्तेमाल करने की आदत बवासीर का कारण बन सकती है। ऐसे करें बचाव- वॉशरूम में मोबाइल न ले जाएं - पेट संबंधी दिक्कत पर तुरंत चिकित्सकों से परामर्श लें - कोई भी दवा बिना डॉक्टर के परामर्श से न लें - माता-पिता को भी बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान देने की जरूरत

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।
ज्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# पुरानी रंजिश में मार पीट तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

क्यूँ न लिखूँ सच

थाना नैनी व एसओजी यमुनानगर जोन की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा गौ-तस्करों के गिरोह का अनावरण कर 05 अभियुक्त व 02 अभियुक्ता गिरफ्तार, कब्जे से मांस, 15 राशि पड़वा व 11 राशि गोवंश (छोटे बड़े) तथा घटना में प्रयुक्त 01 मैजिक लोडर, 02 स्कूटी व अन्य उपकरण बरामद



थाना नैनी व एसओजी यमुनानगर जोन की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक-06.06.2025 को अभियुक्तगण 1. मो0 आशिफ पुत्र मो0 आदिल निवासी पूराफतेह मोहम्मद थाना नैनी कमि0 प्रयागराज 2. मो0 समीर पुत्र मो0 नईम निवासी ग्राम कोनार थाना फूलपुर प्रयागराज 3. मो0 सालिम पुत्र मो0 फाजिल निवासी 58 पुरा फतेहमोहम्मद थाना नैनी प्रयागराज 4. यासीफ उर्फ हसीब पुत्र सगीर निवासी 59 पुराफतेह मोहम्मद थाना नैनी प्रयागराज 5. मो0 आदिल पुत्र मो0 सादिक निवासी 10/4ए पुराफतेह मोहम्मद थाना नैनी प्रयागराज 6. शबीहा उर्फ शमीमा पत्नी मो0 इब्राहिम 7. अरसला पुत्री मो0 इब्राहिम निवासीगण पुराफतेह मोहम्मद थाना नैनी प्रयागराज को पुरा फतेह मोहम्मद मे पेट्रोल पंप से पहले सुफियान के घर थाना क्षेत्र नैनी से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तगण उपरोक्त के कब्जे से मांस, 15 राशि पड़वा व 11 राशि गोवंश (छोटे बड़े) तथा घटना में प्रयुक्त 01 लोडर व 02 स्कूटी व अन्य उपकरण (लकड़ी का ठीहा, 04 चापड़ लोहे का, 13 चाकू छोटा बड़ा, 01 लोहे की कुल्हाड़ी लोहे की बेत लगी, 01 लोहे की सुम्मी, 23 रस्सी (पगहा) एवं 01 इलेक्ट्रानिक कांटा) बरामद किया गया । उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-267/25 धारा-3/5/8 उ.प्र.गोवध निवारण अधिनियम तथा 11 पशु क्रूरता अधिनियम पंजीकृत किया गया । नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।पूछताछ का विवरण- पूछताछ पर अभियुक्तगण उपरोक्त ने बताया कि हम लोग मैजिक लोडर नं0 P|0GT4951 से गोवंश की तस्करी करते है तथा गोवंश का वध कर स्कूटी से गोमांश बेचने का काम करते है । और इस धंधे में जो मुनाफा होता है, उसे आपस में बराबर-बराबर बांट लेते है । मिले रूपयों का प्रयोग हम अपने भरण पोषण में करते है । गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण- 1. मो0 आशिफ पुत्र मो0 आदिल निवासी पूराफतेह मोहम्मद

# महेवा पश्चिम पट्टी निवासी मो. जिशान के बकरे बने आकर्षण का केंद्र

क्यूँ न लिखूँ सच

प्रयागराज। नैनी की बकरा मंडी में भी खूब रौनक देखने को मिल रही है। इस मंडी में हर साल की





तरह इस बार भी कई किस्मों के सुंदर और ताकतवर बकरे देखने को मिले। लेकिन इस बार सबसे अधिक चर्चा में रहे महेवा पश्चिम पट्टी निवासी मोहम्मद जिशान के दो बकरे 'बादशाह' और 'सुल्तान'। इन दोनों बकरों को देखने के लिए मंडी में भारी भीड़ उमड़ रही है। जिशान ने बताया कि उन्होंने इन बकरों को पिछले दो साल से खास देखभाल और पौष्टिक आहार के साथ पाला है। दोनों बकरे पूरी तरह स्वस्थ और ताकतवर हैं। उन्होंने बताया कि इन बकरों की कीमत लाखों रुपये में है, और इनका रखरखाव भी बड़े स्तर पर किया गया है। मंडी में मौजूद लोग बकरों की लंबाई, वजन और आकर्षक बनावट से बेहद प्रभावित दिखे। कुछ लोग तो इनके साथ फोटो खिंचवाने और वीडियो बनाने में भी दिलचस्पी लेते नजर आए। बच्चे, बुजुर्ग और युवा सभी %बादशाह% और %सुल्तान% को देखने को उत्सुक दिखे। मो. जिशान ने कहा कि इन बकरों को बकरीद की कुरबानी के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया हैबादशाह% और %सुल्तान% ने बकरीद से पहले ही मंडी की रौनक बढ़ा दी है।

# मा0 संसद सदस्य, लोकसभा, फर्रूखाबाद मुकेश राजपूत की अध्यक्षता में संसद सदस्य सड़क सुरक्षा समिति ( MP-RSC) की बैठक कलेक्ट्रेट सभगार में सम्पन्न हुई

क्यूँ न लिखूँ सच- श्याम जी कश्यप

